लखनऊ
सोमवार, 12 जून 2023
वर्षः-07 अंकः-46
पृष्ठः-8 मूल्यः- 2 रुपये
RNI- UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक
नई सोच, नया जुनून.....
# करण वाणी

अवसर का इंतजार नही, निर्माण करना सीखो।।


## शर्मसार हुई खाकी, युवक ने की खुदकुशी बोला.....

# 'मेरी मौत के जिम्मेदार तीनों पुलिसकर्मी हैं,

## सुसाइड नोट लिख फंदे से झूल गया यूपी.एस.सी का छात्र

**लखनऊ के रहीमाबाद में सिविल सर्विस की कोचिंग ले रहे छात्र ने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया, सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार तीन पुलिसकर्मियों और गांव के दो लोगों को ठहराया है, फिलहाल डीजीपी के आदेश पर मामले में जांच जारी है।**






करण वाणी, न्यूज

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे छात्र ने सुसाइड कर लिया. छात्र ने मरने से पहले सुसाइड नोट भी लिखा है जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार तीन पुलिसकर्मियों को ठहराया है. मामला रहीमाबाद थानाक्षेत्र का है।

मामला संज्ञान में आते ही डीजीपी ने दो सब इंस्पेक्टर सहित एक कांस्टेबल को लाइन हाजिर करने के आदेश दिए. साथ ही इस मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, रहीमाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला 22 वर्षीय आशीष कुमार लखनऊ में रहकर सिविल सर्विस की कोचिंग ले रहा था. छात्र की मां सुशीला देवी ने बताया कि उसके पति महादेव का गांव में ही रहने वाले नंदू विश्वकर्मा के साथ किसी बात को लेकर विवाद था।

जिसके बाद साल 2018 में उन्होंने नंदू और उसके नौकर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था. पुलिस वालों ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया. बल्कि, नंदू के कहने पर उल्टा महादेव के खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया. फिर मामले को रफा-दफा करने की एवज में पांच हजार रुपये की मांग करने लगे।

लेकिन महादेव ने पैसे नहीं दिए. केस चलता रहा. फिर साल 2023 में नंदू विश्वकर्मा ने सीमेंट चोरी के इल्जाम लगाते हुए आशीष और मयंक के खिलाफ फर्जी मामला दर्ज करवा दिया. इसी को लेकर आशीष परेशान था।

मां ने बताया कि उनका बेटा आशीष पढ़ने में काफी होशियार था. पुलिस उसे बार-बार परेशान कर रही थी. इस वजह से वह पढ़ाई भी नहीं कर पा रहा था।

उसे इस बात से काफी अपमानित महसूस हो रहा था. जिसके चलते रविवार शाम को उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया. काफी देर तक जब बेटे ने दरवाजा नहीं खोला तो हमें शक हुआ. हमने जैसे-तैसे दरवाजा तोड़ा तो कमरे में आशीष की लाश फंदे से लटकी मिली।

मृतक आशीष की मां ने रहीमाबाद थाने में सब इंस्पेक्टर राजमणि पाल और ललन पाल सहित कांस्टेबल मोहित शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया. उन्होंने नंदू विश्वकर्मा और श्यामलाल के खिलाफ भी मामला दर्ज करवाया. सुशीला देवी ने कहा कि यह सब इन दोनों के कारण ही हुआ है. क्योंकि इन लोगों ने झूठा केस दर्ज करवाया था. जिस कारण पुलिस हमें परेशान कर रही थी।

वहीं, पुलिस को जो सुसाइड मिला है उसमें आशीष ने लिखा है 'मेरी मौत के जिम्मेदार तीनों पुलिसकर्मी, नंदू विश्वकर्मा और श्यामलाल हैं. उन्होंने झूठा केस दर्ज करवाया और मुझे परेशान किया. इसलिए मैं सुसाइड करने जा रहा हूं।

## विकास को बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी: पीएम

करण वाणी, न्यूज

पीएम मोदी ने जी20 की बैठक में कहा कि विकास को बनाए रखना सामूहिक जिम्?मेदारी है. भारत अपने अनुभव बांटने को तैयार हैं. पर्यावरण पर ध्?यान देना बेहद जरूरी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 की बैठक में कहा कि विकास को बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है. भारत अपने अनुभव बांटने को तैयार हैं. पर्यावरण पर ध्?यान देना बेहद जरूरी है. हम नदियों, पेड़ों का सम्मान करते हैं. का सम्मान करते हैं. ये बैठक वाराणसी में हो रही है. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि लैंगिक समानता बेहद जरूरी है।

पीएम मोदी ने जी20 की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रयास व्यापक, समावेशी, निष्पक्ष और टिकाऊ होने चाहिए, भारत में, हमने 100 से अधिक आकांक्षी जिलों में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास किए हैं, जो अविकसित थे. मुझे खुशी है कि जी-20 का विकास एजेंडा काशी तक भी पहुंच गया है। वैश्विक दक्षिण के लिए




विकास एक प्रमुख मुद्दा है. मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सतत विकास लक्ष्यों को पीछे न जाने दें। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न रहे।

जी20 विकास मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डेटा विभाजन को पाटने में मदद करने के लिए प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण एक महत्वपूर्ण उपकरण है. भारत में, डिजिटलीकरण ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है, भारत भागीदार देशों के साथ अपने अनुभव साझा करने को तैयार है।



# पत्रकार नागेंद्र सिंह को मिली जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

## भौली के ऋषि अवस्थी ने नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के प्रांतीय सह-संयोजक को सोशल साइट्स पर दी धमकी




**करण वाणी, न्यूज**


बख़्शी का तालाब/लखनऊ। नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के प्रांतीय सह-प्रभारी नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान और उनके परिजनों को पिछले चार दिनों से फेसबुक और फोन अभद्रता, गाली-गलौच करने और जान से मारने की धमकी देने वाले दबंग के विरुद्ध बीकेटी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

गौरतलब हो कि समाजसेवी नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान वर्ष 1991 से पत्रकारिता एवं समाजसेवा में तल्लीन हैं। इधर, पिछले वर्ष से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर जी द्वारा संचालित नशामुक्त समाज आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उनका किसी भी राजनीतिक दल से कोई जुड़ाव नहीं है। उन्होंने आजतक किसी पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण नहीं की है। उनकी विभिन्न दलों के स्थानीय नेताओं से मित्रता है।

अभी कुछ दिनों पहले नगर पंचायत बीकेटी के नवनिर्वाचित चेयरमैन गनेश रावत ने शपथ ग्रहण में उनको आमंत्रित किया था। वह उस समारोह में शामिल हुए थे। इसी बात से भौली निवासी ऋषि अवस्थी कुपित हो गया। वह फेसबुक पर नागेन्द्र और उनके परिजनों के खिलाफ अनर्गल एवं आपत्तिजनक बातें लिखने लगा। वह रोज गंदी से गंदी पोस्ट डालने लगा। ऋषि अवस्थी फेसबुक पर नागेन्द्र, उनकी पत्नी, उनके भाई और उनके बहनोई के लिए बेहद अभद्र कमेंट करने लगा।

नागेन्द्र ने बताया कि गुंडा प्रवत्ति का नशेड़ी ऋषि अवस्थी उन्हें और उनके परिजनों को पिछले चार दिनों से फेसबुक और फोन पर गालियां दे रहा था। वह अभद्र एवं आपत्तिजनक बातें कहने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा था। उसका कहना था कि नागेन्द्र ने भाजपा के चेयरमैन उम्मीदवार रविन्द्र रावत को हरवाया है।उन्होंने सपा के गनेश रावत को जितवाया है। यह दोगला है। अंततः बीकेटी पुलिस ने बीती अर्धरात्रि में उस गुंडे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस अब मामले की तहकीकात करने में जुट गई है। उधर, नागेन्द्र का कहना है कि उन्हें और उनके परिजनों को ऋषि अवस्थी व उसके साथियों से जानमाल का खतरा उत्पन्न हो गया है।

**सोशल मीडिया साइट पर दबंग ऋषि अवस्थी की धमकी**


ऋषि अवस्थी
23m
दो कौड़ी का पत्रकार हमारा बड़ा भाई नागेंद्र सिंह चौहान समस्त पार्टियों की दलाली करने वाला अपनी बात को समाज के बीच में नहीं रख पा रहा है तो समाज के लोगों से मदद मांग रहा है दम हो तो आमने सामने बात कर

## अमित शाह का उद्धव पर बड़ा आरोप, कहा........

# बीजेपी को धोखा देने के लिए शरद पवार के साथ मिले उद्धव ठाकरे

**अमित शाह ने कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में लोगों को यह तय करना है कि देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, नरेन्द्र मोदी या कांग्रेस के नेता राहुल गांधी।**

**करण वाणी, न्यूज**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे पर 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ मिलाकर भारतीय जनता पार्टी को धोखा देने का आरोप लगाया।

केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर बीजेपी के संपर्क अभियान के तहत अमित शाह ने नांदेड़ में एक रैली को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि बीजेपी ने पिछले साल ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी सरकार को नहीं गिराया, बल्कि ठाकरे की नीतियों से थक चुके शिवसैनिक शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के साथ जाने को तैयार नहीं थे.

**अगला पीएम कौन होगा, नरेंद्र मोदी या राहुल गांधी?'**

अमित शाह ने कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में लोगों को यह तय करना है कि देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, नरेन्द्र मोदी या कांग्रेस के नेता राहुल गांधी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'भाजपा अध्यक्ष के रूप में मैंने और तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बातचीत की थी, जिसमें ठाकरे सहमत थे कि अगर राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) विजयी हुआ, तो फडणवीस (फिर से) मुख्यमंत्री होंगे, हालांकि, परिणाम (2019 में) के बाद, ठाकरे ने वादा तोड़ दिया और राकांपा की गोद में बैठ गए।



शिवसेना (अविभाजित) और बीजेपी ने 2019 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन शिवसेना मुख्यमंत्री पद को लेकर गठबंधन से बाहर हो गई थी. उन्होंने कहा, 'धोखाधड़ी और विश्वासघात का काम उद्धव ठाकरे ने किया था. चुनाव पीएम मोदी और देवेंद्र फडणवीस के नाम पर लड़ा गया और मुख्यमंत्री बनने के लिए वह कांग्रेस की गोद में बैठ गए।

**पता चल गया असली शिवसेना कौन**

अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को अपना चुनाव चिह्न धनुष-बाण वापस मिल गया है और यह तय हो गया है कि असली शिवसेना कौन है. उन्होंने ठाकरे को चुनौती दी कि वह तीन तलाक की प्रथा को समाप्त करने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, समान नागरिक संहिता लागू करने और मुसलमानों के लिए आरक्षण पर सहमत हैं या नहीं, इस पर अपना रुख स्पष्ट करें।

अमित शाह ने हिंदुत्व विचारक दिवंगत विनायक दामोदर सावरकर पर कांग्रेस के रुख को लेकर भी ठाकरे पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राकांपा के साथ रहते हुए ठाकरे औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर, उस्मानाबाद का नाम धाराशिव और अहमदनगर करने का समर्थन नहीं कर सकते. पिछले साल अपनी आखिरी कैबिनेट बैठक में ठाकरे ने औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव करने का फैसला किया था।

**'महाराष्ट्र के लोगों के सामने बेनकाब होगा चेहरा'**

उन्होंने आगे कहा कि आप दो नावों पर एक साथ खड़े नहीं हो सकते. आप राज्य के लोगों के सामने बेनकाब हो जाएंगे. कोविड-19 महामारी के दौरान जब प्रधानमंत्री मोदी देशवासियों को टीके प्रदान कर रहे थे, तब ठाकरे कार्यालय नहीं गए. महामारी के दौरान मंत्रालय नहीं जाने के लिए ठाकरे को आलोचना का सामना करना पड़ा था।

अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नौ साल में जो हासिल किया वह गांधी परिवार की चार पीढ़ियां नहीं कर सकीं. उन्होंने कहा कि मोदी विश्व स्तर पर भारत का यश बढ़ाने का काम कर रहे हैं. वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के 'राजकुमार' राहुल गांधी विदेश जाकर देश का अपमान करते हैं.

**'देश में कम लोग राहुल गांधी की बात सुनते हैं'**

उन्होंने कहा, 'राहुल बाबा, जब कोई विदेश में होता है तो देश की राजनीति के बारे में बात नहीं करता है. अगर आप इस बारे में नहीं जानते हैं तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से पूछिए. राहुल बाबा देश में नहीं बोलते. वह विदेश में बात करते हैं क्योंकि देश में बहुत कम लोग हैं जो उनकी बात सुनते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आयोध्या में 2024 तक भव्य राम मंदिर का निर्माण हो जाएगा. अमित शाह ने नांदेड़ प्रवास के सिखों के पवित्र गुरुद्वारा तख्त श्री हजूर साहिब में मत्था भी टेका।

# राजा भैया के पिता उदय प्रताप सिंह सम्भालेंगे ज्ञानवापी मुकदमे की कमान

## हिंदू पक्ष की तरफ से करेंगे पैरवी

करण वाणी, न्यूज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी-मां शृंगार गौरी मुकदमे की वादिनी और राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति की मांग करनेवाली राखी सिंह ने अपना इरादा बदल दिया। गुरुवार को दिल्ली में भदरी राजपरिवार के उदय प्रताप सिंह से मुलाकात के बाद राखी सिंह ने निर्णय बदल दिया।

राखी सिंह के चाचा और विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन ने मीडिया को बताया कि उदय प्रताप सिंह ने उनके आवास पर आकर उनके बातचीत की और आश्वस्त किया कि ज्ञानवापी से जुड़े मुकदमों की कमान खुद संभालेंगे। इसके अलावा देश के अन्य राजपरिवार भी सनातन धर्म से जुड़े इस महत्वपूर्ण मसले पर एकजुटता के साथ राखी सिंह के साथ रहेंगे।

गौरतलब है कि राखी सिंह ने पिछले मंगलवार को एक पत्र जारी किया था। कहा था कि वह मां शृंगार गौरी से संबंधित मुकदमे की मुख्य वादिनी हैं। मई 2021 से मुकदमे से जुड़ी उनकी सहयोगी महिलाओं और अधिवक्ता पिता-पुत्र के अलावा कुछ लोग उनके चाचा जितेंद्र सिंह विसेन और चाची किरन सिंह विसेन के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इसमें शासन-प्रशासन के कुछ लोग भी शामिल हैं। मई 2022 में उन्हीं लोगों ने झूठा प्रचार किया कि राखी सिंह शृंगार गौरी का मुकदमा वापस ले रही हैं। जबकि ऐसी कोई बात नहीं कही गई थी। उन्हें और उनके परिवार को हिंदू समाज में लगातार गद्दार घोषित करने का प्रयास किया जा रहा है।

ज्ञानवापी परिसर से संबंधित मुख्य मुकदमा भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान सहित अन्य मुकदमों को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। यह ऐसे मुकदमे थे, जिनसे ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को प्राप्त हो सकता था। इन घटनाओं से वह मानसिक दबाव में हैं। इसलिए उन्होंने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी थी। शुक्रवार की सुबह नौ बजे तक अगर राष्ट्रपति का आदेश नहीं प्राप्त हुआ तो वह अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होंगी। उधर, जितेंद्र सिंह विसेन ने कहा कि भदरी रियासत के प्रमुख उदय प्रताप सिंह से मुलाकात के बाद राखी सिंह अब पहले से और ज्यादा मजबूती से सनातन हिंदू धर्म की लड़ाई लड़ेंगी।




## भीषण गर्मी के चलते बढ़ गई यूपी के स्कूलों की छुट्टियां, अब 26 जून को खुलेंगे

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में भीषण गर्मी को देखते हुए बेसिक स्कूलों में ग्रीष्मावकाश 15 जून से बढ़ाकर 26 जून करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे।



करण वाणी, न्यूज

उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी का सितम जारी है. इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर गर्मी की छुट्टियों को आगे बढ़ाने का फैसला किया है. भीषण गर्मी को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने गर्मी की छुट्टियों को 26 जून, 2023 तक बढ़ा दिया है. इससे पहले स्कूलों को 15 जून को फिर से खोलने का समय निर्धारित किया गया था. उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा आधिकारिक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी गई है.

बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के आधिकारिक ट्वीट में लिखा गया है, "नगरीय स्कूलों में भीषण गर्मी को देखते हुए गर्मी की छुट्टियां 26 जून तक बढ़ा दी गई हैं. पहले 15 जून को स्कूल खुलने थे, लेकिन अब स्कूल 27 जून, 2023 को खुलेंगे."

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में भीषण गर्मी को देखते हुए बेसिक स्कूलों में ग्रीष्मावकाश 15 जून से बढ़ाकर 26 जून करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे. इसके बाद उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को एक अधिसूचना जारी कर कहा गया है कि परिषदीय विद्यालय 26 जून तक बंद रहेंगे और 27 जून को फिर से खुलेंगे।

## अखिलेश यादव का दावा- 'लोकसभा चुनाव में 80 की 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी सपा

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने विपक्ष की बैठक से पहले उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर चौंकाने वाला दावा किया है।



करण वाणी, न्यूज

विपक्ष दलों की बैठक से पहले फिर से एक बार सियासी पारा चढ़ने लगा है. वहीं उत्तर प्रदेश में भी सियासी दलों के बीच जमकर जुबानी जंग चल रही है. राज्य में एक ओर बीजेपी (इखढ) विपक्ष की बैठक को बेकार बता रही है. जबकि दूसरी ओर विपक्षी दल बीजेपी पर जमकर जुबानी हमला बोल रहे हैं. लेकिन इसी बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चौंकाने वाला दावा कर दिया है।

सपा प्रमुख ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में 80 की 80 सीटों पर अपनी जीत दर्ज करेगी." सपा प्रमुख का ये बयान सीतापुर के नैमिषारण्य में लोक जागरण अभियान के अंतर्गत हुए प्रशिक्षण शिविर के ठीक बात आया है. वहीं इस प्रशिक्षण शिविर में अखिलेश यादव ने अपने कार्यकताओं को 2024 के चुनाव के लिए संदेश दिया है।

**जातीय जनगणना की दोहराई मांग**

अखिलेश यादव ने कहा, "नया शब्द ईजाद किया है बीजेपी ने, कह रहे हैं कि आप लगता है सॉफ्ट हिंदुत्व के रास्ते पर जा रहे हैं. हम लोग पहले से ही बहुत सॉफ्ट है, बस अब हार्ड होने की जरूरत है. आज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सरकार चाहे तो कुछ ही महीने के अंदर जातीय जनगणना हो सकती है. ये अपने लिए तो गिन लेते हैं लेकिन किसी योजना के लिए नहीं गिन रहे हैं. जब भी समाजवादियों को मौका मिलेगा तो हम लोग जातीय जनगणना कराएंगे और जब तक हम लोग सरकार में नहीं है इस सरकार के लोगों से बात करेंगे कि जातीय जनगणना होगी तभी सामाजिक न्याय मिलेगा।

उन्होंने कहा, "हमारे मुख्यमंत्री ने कहा कि 100 में केवल 4 बेरोजगार है. हमारे मुख्यमंत्री वही करते हैं जो अधिकारी कहते हैं, अधिकारियों ने कह दिया उन्होंने पढ़ दिया. बीजेपी लगातार झूठ बोल कर वोट हथियाने का काम कर रही है. जो वादे उन्होंने किए है, आज तक पूरे नहीं हुए. प्रतिष्ठित अखबार, चैनल यूपी की पुलिस को चोर पुलिस कह रहे हैं. बीजेपी सरकार समाजवादी पार्टी के नेताओं पर झूठे मुकदमे लगा रही है. जनता इस बार इनका सफाया करेगी।

### डॉ. राजेश्वर सिंह ने फिर उठाया जनसांख्यिकीय परिवर्तन का मुद्दा, कहा......

# केरल व पश्चिम बंगाल की स्थिति गंभीर

- पीएम मोदी ने किया देश का कायाकल्प, भारत कर रहा हर मोर्चे पर विश्व का नेतृत्व : डॉ. राजेश्वर सिंह
- 2024 में 400 सीटें पार कर भाजपा बनाएगी हैट्रिक : डॉ. राजेश्वर सिंह

करण वाणी, न्यूज

लखनऊ। भारत आज पूरी दुनिया की तुलना में दोगुनी गति से विकास कर रहा है। 2014 में जहां देश 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के गौरवशाली 9 वर्षों में भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना चुका है। विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना भारत के पास है। भारत आज हर मोर्चे पर, चाहे वो राजनैतिक हो, आर्थिक हो, सैन्य हो, सामाजिक हो, महाशक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। यह सब हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व के परिणामस्वरूप। कार्यकर्ताओं के तपोबल व समर्पण के कारण ही आज भाजपा विश्व के सबसे बड़ी पार्टी है। मेरा अटल विश्वास है कि भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव में 400 सीटें पार कर हैट्रिक बनाएगी।

यह बातें सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पीएम मोदी के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित जनसभा के दौरान अपने संबोधन में कहीं। डीएवी कॉलेज में आयोजित हुई इस विशाल जनसभा में उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, साथ ही विपक्ष पर जमकर निशाना भी साधा। उन्होंने 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी की प्रचंड विजय का संकल्प लिया।

रविवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हैं। पीएम मोदी इतिहास में वह पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे जो दूसरी बार अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे। ये गौरव आज तक हिंदुस्तान के किसी प्रधानमंत्री को प्राप्त नहीं हुआ।

पीएम मोदी की दूरदर्शिता और नेतृत्वक्षमता पर प्रकाश डालते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में पीएम मोदी ने निर्णायक नेतृत्व दिखाया। कोरोना काल में 220 करोड़ कोविड की निःशुल्क डोज लगी। साथ में 23 करोड़ कोविड डोज 212 देशों में भिजवाई। विदेशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा का जिम्मेदारी भी पीएम मोदी ने बखूबी निभाई। चाहे वो यूक्रेन में फंसे छात्रों को ऑपरेशन गंगा से हो या फिर ऑपरेशन कावेरी से सूडान में फंसे भारतीय को वापस लाना हो। यमन में फंसे लोगों को सकुशल वापसी के लिए ऑपरेशन राहत चलाना हो या करोना काल में जब 7 लाख भारतीय बाहर फंसे हुए थे तब ऑपरेशन वंदे भारत चलाकर 80 हजार वाहन भरवाकर लोगों को सुरक्षित लेकर आए।

भाजपा व कांग्रेस के शासन काल के बीच अंतर बताते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि 2014 में 38 लाख करोड़ का व्यापार था जो कि आज 63 लाख करोड़ का निर्यात कर रहे है, हम विश्व के पांचवें सबसे बड़े निर्यातक बन चुके हैं। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2014 में मात्र 25 लाख करोड़ था जोकि 2022 में 52 लाख करोड़ हो चुका है। कांग्रेस शासन काल में मात्र 23 लाख करोड़ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया तो वहीं बीजेपी के शासन काल में 50 लाख करोड़ का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भारत में आया है, यह दिखाता है कि विश्व को देश पर विश्वास है। कांग्रेस की सरकार में भारत का गोल्ड रिजर्व मात्र 2 लाख करोड़ था जबकि आज गोल्ड का रिजर्व 3.75 लाख करोड़ हो चुका है। भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है।



कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल भ्रष्टाचार-घोटाला को समर्पित था। रक्षा क्षेत्र में उन्होंने कई घोटाले किए चाहे वो बोफोर्स घोटाला हो, आगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला हो या फिर टाट्रा ट्रक घोटाला हो लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत रक्षा महाशक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है। आज भारत चौथी फायर पॉवर बन चुका है। आज का भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है। देश सैन्य महाशक्ति के रुप में स्थापित हो चुके हैं।

उन्होंने कहा? कि बीजेपी ने देश में फैले उग्रवाद, अलगाववाद, आतंकवाद के खिला?फ सख्त कदम उठाएं हैं। 2019 में सरकार ने साहसिक निर्णय लेते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाई, आज कश्मीरी पंडित पुनः विस्तापित हो रहे हैं। घाटी में रहने वाली जनता सुरक्षित है, धारा 370 हटने के बाद पिछले वर्ष जम्मू-कश्मीर में 1 करोड़ 88 लाख पर्यटक गए हैं।

सरोजनीनगर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि जहां एक ओर पूरा विश्व 3.5 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है तो वहीं हिंदुस्तान दोगुनी 7 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है। विश्व में हम आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो चुके हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी के प्रभावशाली नेतृत्व, देश व सरकार की नीति-नियत पर कंपनियों को विश्वास है, यही कारण है कि आज विदेशियां कंपनियां भारत व उत्तर प्रदेश में निवेश करने आ रही हैं। सुरक्षा, सेवा और समृद्धि के प्रणेता योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तन के मुद्दे को उठाने वाले डॉ. राजेश्वर सिंह ने एक बार फिर भारत में हिंदुओं की घटती हुई आबादी पर चिंता व्यक्त ?की। उन्होंने कहा कि बंगाल में 8 प्रतिशत, केरल में 14 प्रतिशत और यूपी में 5 प्रतिशत हिंदु आबादी में कमी आई है। डेमोग्राफिक चेंज आने वाले समय में एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रही है। पार्टी इस पर विचार कर रही है, आने वाले समय में इसको लेकर भी नीतियां बनेंगी।

इस दौरान सांसद मनोज तिवारी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल, मोहसिन रजा, विधायक नीरज बोरा, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी बुक्कल नवाब, भाजपा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा समेत कार्यकर्ता-पदाधिकारी और बड़ी संख्या में जनता मौजूद रही।

# राम मंदिर मॉडल के तर्ज पर अयोध्या में बन रहा रेलवे स्टेशन और एयरपोट

अयोध्या की सड़कें चौड़ी की जा रही हैं और एयरपोर्ट का भी निर्माण कार्य मंदिर से पहले ही कर लिया जाएगा. अयोध्या रेलवे स्टेशन की बात करें तो पहले फेज का काम पूरा कर लिया गया है।

करण वाणी, न्यूज

उत्तर प्रदेश में राम नगर अयोध्या का स्वरूप बदला जा रहा है. अयोध्या में बहुत ही सारी कार्य योजनाएं चल रही हैं. ऐसे में आने वाले दिनों में अयोध्या बदलती हुई दिखाई देगी. यूपी सरकार अयोध्या की तस्वीर को बदल रहा है. चाहे वह एयरपोर्ट हो यह फिर रेलवे स्टेशन, इन सभी कामों को दिसंबर तक पूरा कर लेना है क्योंकि जनवरी 2024 में भगवान राम लला अपने भव्य मंदिर में जब विराजमान होंगे, उस समय लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में होंगे. श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए यूपी सरकार लगातार अयोध्या का कायाकल्प कर रही है.

अयोध्या की सड़कें चौड़ी की जा रही हैं और एयरपोर्ट का भी निर्माण कार्य मंदिर निर्माण कार्य से पहले ही कर लिया जाएगा. अयोध्या रेलवे स्टेशन की बात करें तो पहले फेज का काम पूरा कर लिया गया है. आने वाले दिनों में अयोध्या का रेलवे स्टेशन श्रद्धालुओं के मन को मोह लेगा. यह रेलवे स्टेशन राम मंदिर मॉडल की तर्ज पर बनाया जा रहा है. अयोध्या में जितनी भी योजनाएं चल रही हैं, वह सब राम मंदिर मॉडल के तर्ज पर ही बनाई जा रही हैं.

**अयोध्या मंदिरों की नगरी- लल्लू सिंह**

अयोध्या से बीजेपी सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यहां जितने भी कार्य योजनाएं चल रही हैं, वह सभी दिसंबर तक पूरी कर ली जाएंगी. अयोध्या का जो रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है, यहां पर वह सारी सुविधाएं होंगी, जो सभी रेलवे स्टेशन पर होती है. अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन का भी स्वरूप बदला जाना है. वह भी राम मंदिर मॉडल के तर्ज पर बनाया जाएगा क्योंकि अयोध्या मंदिरों की नगरी है, इसलिए स्वाभाविक है कि सभी स्थानों पर राम मंदिर का स्वरूप दिखाई दे, जिसके लिए यह कार्य किया जा रहा है.

**राम मंदिर मॉडल के आधार पर हो रहे काम**



लल्लू सिंह ने कहा कि जितने भी काम चल रहे हैं, वह सब दिसंबर तक तैयार हो जाएंगे. इस देश में रेलवे स्टेशन में जो भी सुविधाएं चाहिए, वह सारी सुविधाएं वहां पर हैं और बहुत सारी नई चीज यहां पर हो रही है. इसके अलावा जो काम हैं, वह भी मंदिर मॉडल के आधार पर बनाए जा रहे हैं क्योंकि अयोध्या मंदिरों की नगरी है, इसलिए स्वाभाविक रूप से मंदिरों का स्वरूप इन सारे स्थानों पर दिखाई पड़े, यह सरकार की मंशा है।

## किसानों के लिए खुशखबरी........

# बिना लेवा के बोया धान तो गेहूं से भर जाएगा खलिहान

कृषि वैज्ञानिकों की शोध में यह बात सामने आई है कि बिना लेवा के धान की खेती करने से अगली फसल अच्छी होगी। ऐसे में किसानों को काफी फायदा मिलेगा। धान की खेती छिटकाव विधि या फिर सुपर सीडर की मदद से करने पर अगली फसल उपजाऊ हो जाता है।



**करण वाणी, न्यूज**

पूर्वांचल में धान खरीफ की प्रमुख फसल है। धान की खेती के लिए किसानों ने कमर कस ली है। मानसून की पहली बारिश के साथ ही भारत के कई राज्यों में धान की रोपाई शुरू होगी। अच्छी फसल उत्पादन के लिए धान की खेती करने वाले किसानों के लिए खास सलाह लेकर आए हैं।

इस विधि से करें धान की खेती

लेवा लगाकर धान की रोपाई करने की जगह किसान छिटकाव विधि या फिर सुपर सीडर की मदद से खेती करते हैं तो उन्हें न सिर्फ धान की अच्छी फसल प्राप्त होगी, बल्कि गेहूं के सीजन में भरपूर उत्पादन भी मिलेगा। कृषि विज्ञानियों की ओर से जारी शोध में ऐसा मिला है। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के मार्गदर्शन में सिद्धार्थनगर के भनवापुर ब्लाक के सोहना कृषि विज्ञान केंद्र के विज्ञानी शोध कर रहे हैं। दो ट्रायल सफल भी हो चुके हैं।

**अगली फसल के लिए उपजाऊ होगा खेत**

अब तक के शोध में यह बात स्थापित हो रही कि बिना लेवा लगाए धान की खेती करने पर अगली फसल के लिए खेत पलिहर की तरह उपजाऊ हो जाता है। वहीं, लेवा लगाने से खेतों में मौजूद लाभकारी बैक्टीरिया तीन माह के लिए निष्क्रिय हो जाते हैं। उनका पूरा जीवनचक्र प्रभावित हो जाता है। मृदा में उनकी बढ़ोतरी नहीं हो पाती।

ऐसे में धान की खेती के लिए किसान बीज रोपने में छिटकाव विधि या सुपर सीडर का उपयोग करें। इससे खेतों में लाभकारी बैक्टीरिया की सक्रियता बनी रहेगी और उसकी गुणवत्ता पलिहर जैसी बन जाती है। इसमें पोषक तत्व बड़ी मात्रा में तैयार हो जाते हैं, जो गेहूं के प्रचुर उत्पादन में सहायक होती है। पारंपरिक विधि से जैविक खेती को लेकर 2010 से जारी शोध में लेवा लगाकर धान की रोपाई की विधि खेतों की उर्वरता पर प्रतिकूल असर डालने वाली मिली है।

**लाभकारी बैक्टीरिया बढ़ाते हैं पोषक तत्व**

सोहना कृषि विज्ञान केंद्र के विज्ञानी व फार्म प्रबंधक डा. मारकंडेय सिंह कहते हैं कि भूसे में चार प्रकार के तत्व होते हैं, लेकिन जब गाय इसे खाकर गोबर करती है तो उसमें पोषक तत्वों की संख्या 40 से अधिक हो जाती है। गाय के पेट में कई लाभकारी बैक्टीरिया होते हैं, जो भूसे को पचाने के साथ इसे अलग-अलग तत्वों में बदल देते हैं। ऐसा ही मृदा के साथ भी है। इसमें मौजूद बैक्टीरिया स्वतः ही पोषक तत्वों का निर्माण करते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर दलहनी फसलों की जड़ों में पाया जाने वाला राइजोबियम नामक नत्रजन स्थिरीकरण बैक्टीरिया भी एक है। यह बैक्टीरिया वायुमंडलीय नाइट्रोजन को नाइट्रेट में बदलकर मिट्टी में स्थापित करते हैं, जिससे उर्वरा शक्ति पुनः स्थापित हो जाती है।

# किसान 15 जून तक करा ले केवाईसी, वर्ना नहीं ले पाएंगे पीएम किसान योजना का लाभ

अगर आपने पीएम किसान योजना को लेकर अभी तक दो जरूरी काम नहीं निपटाएं हैं, तो आपको इसका लाभ नहीं मिल पाएगा. पहला- भू सत्यापन और दूसरा- ई-केवाईसी. सरकार ने किसानों को 15 जून तक ई-केवाईसी करा लेने का निर्देश दिया है।

**करण वाणी, न्यूज**

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 14वीं किस्त का किसानों को बेसब्री से इंतजार है. सरकार द्वारा अब तक 13 किस्तें किसानों के खाते में ट्रांसफर की जा चुकी है. लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक जून महीने के किसी भी हफ्ते में किसानों के खाते में दो हजार रुपये की राशि भेजी जा सकती है।

इस योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को साल में तीन बार 2-2 हजार रुपये दिए जाते हैं, किसानों को सालाना कुल 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद किसानों को मिलती है. हालांकि, अगर आपने अभी तक दो जरूरी काम नहीं निपटाएं हैं, तो आपको पीएम किसान का फायदा नहीं मिल पाएगा. पहला- भू सत्यापन और दूसरा- ई-केवाईसी. सरकार ने किसानों को 15 जून तक ई-केवाईसी करा लेने का निर्देश दिया है।

**ऐसे लोगों के खिलाफ हो सकती है कार्रवाई**

भूलेखों के सत्यापन के दौरान कुछ लोगों को अवैध तरीके से पीएम किसान योजना का फायदा उठाते हुए पाया गया. ऐसे लोगों को सरकार की तरफ से लगातार पैसे वापस करने का नोटिस भेजा जा रहा है. पैसे वापस नहीं करने की स्थिति में इनपर कार्रवाई भी की जा सकती है।



# रिलीज से पहले धुंआधार बिके 'आदिपुरुष' के टिकट

करण वाणी, न्यूज

आदिपुरुष की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। रविवार को फिल्म की एडवांस बुकिंग स्टार्ट होते ही करीब 36 हजार टिकट्स बिक गए। ये आंकड़े कल रात 11:30 बजे तक के हैं। 36 हजार टिकट्स की वैल्यू की बात की जाए तो फिल्म ने सिर्फ हिंदी भाषा में एडवांस बुकिंग से 1.35 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।

तेलुगु वर्जन की बात करें तो फिल्म ने 20 लाख रुपए का एडवांस कलेक्शन किया है। हालांकि तमिल और मलयालम वर्जन से अभी कुछ खास आंकड़ा देखने को नहीं मिला है। ओवरऑल देखें तो फिल्म के पहले दिन का एडवांस कलेक्शन 1.62 करोड़ रुपए है।

6 घंटे में बिके 18 हजार टिकट्स

फिल्म 16 जून को रिलीज हो रही है, उस हिसाब से अभी चार दिन बचे हैं। ये आंकड़े अभी और ज्यादा बढ़ेंगे। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले दिन सिर्फ 6 घंटे में 18 हजार टिकट्स बिक गए थे। कोरोना महामारी के बाद आदिपुरुष उन फिल्मों में शुमार होगी जिसकी एडवांस बुकिंग काफी ज्यादा थी। पठान, ब्रह्मास्त्र और केजीएफ 2 (हिंदी वर्जन) जैसी फिल्में इस लिस्ट में शुमार हैं।

**एडवांस बुकिंग के मामले में पठान ने बनाया था रिकॉर्ड**

एडवांस बुकिंग के मामले में पठान ने रिकॉर्ड बनाया था। फिल्म के पहले दिन की एडवांस बुकिंग की बात करें तो इसके कुल 3 लाख 500 टिकट्स बिके थे। इस हिसाब से कलेक्शन 18 से 20 करोड़ रुपए के बीच में था।

**फिल्म ने रिलीज से पहले बजट का 85% हिस्सा निकाला**

आदिपुरुष का बजट तकरीबन 500 करोड़ है। ये अब तक की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है। 500 करोड़ रुपए में बनने वाली इस फिल्म को मुनाफा कमाने की बड़ी चुनौती है। अब बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने अपने बजट का 85% हिस्सा पहले ही निकाल लिया है।

फिल्म में प्रभास भगवान राम के किरदार में हैं, जबकि कृति सेनन सीता बनी हैं।

फिल्म ने तकरीबन 432 करोड़ पहले ही कमा लिए हैं। 247 करोड़ रुपए फिल्म ने सेटेलाइट राइट्स, डिजीटल राइट्स और म्यूजिक राइट्स से निकाल लिए हैं। वहीं 185 करोड़ रुपए साउथ सर्किट में मिनिमम गारंटी के तहत थिएटर रेवेन्यू के रूप में आए हैं।

**प्रभास ने फिल्म के लिए 100 करोड़?**

अब फिल्म का बजट इतना बड़ा है, तो जाहिर है कि इसमें काम करने वाले कलाकारों ने फीस भी काफी तगड़ी ली होगी। स्टारकास्ट की फीस का सवाल है तो इसे लेकर कई रिपोर्ट्स सामने आई हैं। कुछ रिपोर्ट्स की माने तो प्रभास ने फिल्म के लिए 100 करोड़ से ज्यादा फीस चार्ज की है।

ओम राउत निर्देशित ये फिल्म देशभर के थिएटर्स में 16 जून को 3ऊ में रिलीज होगी।



**ओम राउत निर्देशित ये फिल्म देशभर के थिएटर्स में 16 जून को 3ऊ में रिलीज होगी।**

वहीं फिल्म में लंकेश का किरदार निभाने वाले एक्टर सैफ अली खान को 12 करोड़ दिए गए हैं। कृति सेनन ने 3 करोड़ वहीं लक्ष्मण बने एक्टर सनी सिंह ने 1.5 करोड़ रुपए की फीस चार्ज की है। फिल्म में सोनल चौहान का भी अहम रोल है। उन्होंने फिल्म के लिए 50 लाख चार्ज किए हैं।

# गदर' की री-रिलीज के साथ सनी देओल ने मचाया तहलका

बीते 9 जून को सनी देओल और अमीषा पटेल की साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म गदर-एक प्रेम कथा को एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। जानिए इस फिल्म का वीकेंड कलेक्शन कैसा रहा।

करण वाणी, न्यूज

**नई दिल्ली।** सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म 'गदर' को 9 जून 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म की री-रिलीज के प्रमोशन के लिए खुद सनी देओल ने पूरा दम लगाया और अपने बेहतरीन डायलॉग्स से एक बार फिर से फैंस का दिल जीत लिया।

आपको बता दें कि जब 'गदर-एक प्रेम कथा' का ट्रेलर 4के में रिमास्टर करके रिलीज किया गया था, तो ऑडियंस खुशी से झूम उठी थी।

अब सकीना और तारा एक बार फिर से दर्शकों के बीच थिएटर में लौट चुके हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर 'गदर' का क्या हाल रहा, फिल्म ने कितना कलेक्शन किया, यहां पर पढ़ें पूरी खबर।

वीकेंड तक 'गदर' ने बॉक्स ऑफिस पर किया इतना कलेक्शन

15 जून 2001 में थिएटर में रिलीज हुई गदर ने सभी रिकॉर्ड्स ब्रेक कर दिए थे। इस फिल्म ने उस समय पर बॉक्स ऑफिस पर वाकई गदर मचा दिया था। फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 133 करोड़ के लगभग हुआ था। अब इस फिल्म को सिनेमाघरों में एक बार फिर से री-रिलीज किया गया है।



9 जून 2023 को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन शुक्रवार को 30 लाख के आसपास का बिजनेस किया, शनिवार को सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर इस फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी हुई और कलेक्शन 45 लाख तक पहुंचा।

बॉक्स ऑफिस बिजनेस रिपोर्ट की मानें तो फिल्म का टोटल वीकेंड री-रिलीज कलेक्शन 75 लाख का हुआ है। आपको बता दें कि फिल्म 300 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। मेकर्स ने 'गदर-एक प्रेम कथा' को लिमिटेड स्क्रीन्स पर रिलीज किया था।

मेकर्स ने 'गदर-2' से पहले अपनाई ये स्ट्रेटेजी

आपको बता दें सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर 'गदर 2' 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में एक बार फिर से फैंस को दमदार एक्शन देखने को मिलेगा, लेकिन उससे पहले निर्देशक अनिल शर्मा और मेकर्स ये चाहते थे कि एक बार फिर से फैंस गदर की कहानी से खुद को जोड़ सकें।


9 जून को अमीषा पटेल उर्फ सकीना के जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म को थिएटर में रिलीज किया गया था। गदर 2 का टीजर 12 जून को ऑडियंस के सामने आएगा।

# लखनऊ कोर्ट में मुख्तार अंसारी के करीबी की गोली मारकर हत्या

# कृष्णानंद राय हत्याकांड में था आरोपी

लखनऊ कोर्ट कैंपस बुधवार को दिनदहाड़े गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा. गैंगस्टर संजीव जीवा पर लखनऊ कचहरी पर जानलेवा हमला किया गया और उसकी मौके पर मौत हो गई।





करण वाणी, न्यूज

लखनऊ कोर्ट में चली ताबड़तोड़ गोलियां, गैंगस्टर संजीव जीवा की हत्या. उत्तर प्रदेश- लखनऊ कोर्ट में गोली चली- संजीव जीवा को गोली मारी गई,एक बच्ची को भी गोली लगी, लखनऊ के कैसरबाग में पास्को कोर्ट के गेट पर वकील की ड्रेस में आये बदमाश ने युवक को मारी गोली लखनऊ कोर्ट में गोली चली संजीव महेश्वरी जीवा को गोली मारी गई, एक बच्ची को भी गोली लगी। गोली मारकर हत्या वकील के ड्रेस में आए थे बदमाश कोर्ट के बाहर मारी गोली बदमाश संजीव जीवा की हत्या।

संजीव जीवा कृष्णानंद राय हत्याकांड में आरोपी था.वो मुन्ना बजरंगी और मुख्तार अंसारी का करीबी बताया जाता है. संजीव जीवा पर दिनदहाड़े कोर्ट कैंपस में गोली मारी गई औ? मौके पर ही उसकी मौत हो गई. लखनऊ कोर्ट कैंपस को लेकर बदमाशों के इस हमले से फिर सनसनी फैल गई है. प्रयागराज हत्याकांड के करीब चार महीने बाद इस हत्याकांड से सनसनी मच गई है।

बताया जा रहा है कि वकीलों के भेष में पहुंचे अपराधियों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है. बताया जाता है कि एक अपराधी को पकड़कर पुलिस केसरबाग पुलिस थाने ले गई है. घायल बच्ची को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसकी हालत अभी गंभीरबताई जाती है।

संजीव जीवा मुजफ्फरनगर का रहने वाला था. वो मुख्तार अंसारी, मुन्ना बजरंगी औ? भाटी गैंग के लिए काम करता था. उसके खिलाफ तीन दर्जन के करीब मामले दर्ज बताए जाते हैं।

संजीव जीवा की पत्नी पायल माहेश्वरी ने कुछ दिनों पहले ही अपने पति की जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई थी. उसकी सुरक्षा इसके बाद बढ़ाई भी गई थी, लेकिन कोर्ट कचहरी के भीतर हुए हमले ने दहशत फैला दी है।

२लखनऊ कोर्ट कैंपस में हुए हमले में दो सिपाही भी घायल हुए हैं. इसमें एक का नाम लाल मोहम्मद बताया जाता है. बताया जाता है कि कृष्णानंद राय हत्याकांड में संजीव भाटी इस कदर शामिल था कि उसने तत्कालीन विधायक की गाड़ी पर चढ़कर एके-47 से ताबड़तोड़ 27 गोलियां बरसाई थीं. इसमें कृष्णानंद राय समेत कई लोग मारे गए थे. कृष्णानंद राय हत्याकांड में अभी मुख्तार अंसारी समेत कई लोगों को सजा हुई है.

वकीलों का कहना है कि काले कोट और सफेद पैंट में कई अपराधी अंदर आए थे. लेकिन सवाल है कि कड़ी सुरक्षा के बावजूद बदमाश कैसे हथियार लेकर अंदर आए. संजीव जीवा के हत्यारोपी कैसे बेखटके कड़ी सुरक्षा में बंद गैंगस्टर तक पहुंच गए. वकीलों का कहना है कि प्रयागराज में अतीक अहमद और अशरफ की इसी तरह मीडियाकर्मियों की वेशभूषा में आए बदमाशों ने हत्या कर दी थी, लेकिन इससे कोई सबक नहीं सीखा गया. वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ लखनऊ कोर्ट में नारेबाजी भी की है।

# सुरक्षा को लेकर रेलवे सतर्क, सभी सिग्नलिंग रूम को डबल लॉक करने का आदेश जारी

रेलवे बोर्ड ने ट्रेन के परिचालन संबंधी तंत्र, रिले हट हाउसिंग सिग्नलिंग और लेवल-क्रॉसिंग के दूरसंचार उपकरण और प्वाइंट तथा ट्रैक सर्किट सिग्नल के साथ सभी रिले रूम के लिए डबल-लॉक व्यवस्था का आदेश दिया





करण वाणी, न्यूज

**नई दिल्ली:** रेलवे बोर्ड ने शनिवार को अपनी सभी सिग्नलिंग संपत्तियों के लिए ह्रडबल लॉक' व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया और रखरखाव के काम के बाद ट्रेनों की आवाजाही शुरू करने के लिए प्रोटोकॉल को मजबूत करने के भी निर्देश जारी किए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. रेलवे बोर्ड ने ओडिशा के बालासोर जिले में दो जून को भीषण ट्रेन हादसे में 280 से अधिक यात्रियों के मारे जाने के बाद रेलवे जोन के लिए कई निर्देश जारी किए हैं.

बोर्ड ने ट्रेन के परिचालन संबंधी तंत्र, रिले हट हाउसिंग सिग्नलिंग और लेवल-क्रॉसिंग के दूरसंचार उपकरण और प्वाइंट तथा ट्रैक सर्किट सिग्नल के साथ सभी रिले रूम के लिए ह्रडबल-लॉक'' व्यवस्था का आदेश दिया है. आदेश में संकेत दिया गया है कि ह्ररिले रूम तक पहुंच'' के कारण ह्रसिग्नलिंग व्यवस्था में हस्तक्षेप हुआ, जिससे कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर में लूप लाइन में गई और एक खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मारने से दुर्घटना हुई.

वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ की गई थी, इसलिए अब इस तंत्र को ह्रहस्तक्षेप-रोधी'' बनाना है. एक अधिकारी ने कहा, ह्रयह डबल लॉकिंग सुनिश्चित करेगा कि कोई भी बिना अनुमति के इन स्थानों पर नहीं पहुंच सकता है।

बोर्ड ने ट्रेन के परिचालन संबंधी तंत्र, रिले हट हाउसिंग सिग्नलिंग और लेवल-क्रॉसिंग के दूरसंचार उपकरण और प्वाइंट तथा ट्रैक सर्किट सिग्नल के साथ सभी रिले रूम के लिए ह्रडबल-लॉक'' व्यवस्था का आदेश दिया है. आदेश में संकेत दिया गया है कि ह्ररिले रूम तक पहुंच'' के कारण ह्रसिग्नलिंग व्यवस्था में हस्तक्षेप हुआ, जिससे कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर में लूप लाइन में गई और एक खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मारने से दुर्घटना हुई।

वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ की गई थी, इसलिए अब इस तंत्र को हस्तक्षेप-रोधी'' बनाना है. एक अधिकारी ने कहा, ह्रयह डबल लॉकिंग सुनिश्चित करेगा कि कोई भी बिना अनुमति के इन स्थानों पर नहीं पहुंच सकता है.''

आदेश में कहा गया है कि स्टेशन यार्ड में लेवल क्रॉसिंग गेट (गुमटी/केबिन), सिग्नलिंग कक्ष और दूरसंचार उपकरण को रिले हट के रूप में माना जाना चाहिए और जब तक ह्रडबल-लॉक'' व्यवस्था प्रदान नहीं की जाती है, तब तक वर्तमान सिंगल लॉक'' की चाबी स्टेशन मास्टर के पास रहेगी।

आदेश में कहा गया, ह्रस्टेशन रिले रूम की तरह ही स्टेशन मास्टर द्वारा चाबी जारी करने और जमा करने के संबंध में प्रासंगिक प्रविष्टियां रखी जानी चाहिए।

आदेश में कहा गया कि ड्यूटी पर सहायक स्टेशन प्रबंधक (अरट) द्वारा चाबी सौंपने/वापस लेने के प्रोफार्मा में एक कॉलम होगा जिसमें यह निर्दिष्ट किया जाएगा कि जिस स्थान के लिए चाबी रख-रखाव कर्मचारियों द्वारा ली गई थी, उसे ठीक से बंद कर दिया गया है और रख-रखाव कर्मचारियों द्वारा ताला लगा दिया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक जांच से जो एक पहलू सामने आया है, वह यह कि दुर्घटना स्थल के पास कुछ काम चल रहा था. उन्होंने कहा कि एक डिस्कनेक्शन मेमो (इंटरलॉकिंग सिस्टम को बंद करने और काम शुरू करने के लिए) और एक रीकनेक्शन मेमो (काम के अंत का संकेत देने वाला सिस्टम का पुनः संयोजन) स्टेशन प्रबंधक द्वारा प्राप्त किया गया था।

उन्होंने कहा कि हालांकि वास्तव में, तकनीशियन ने सिस्टम को दरकिनार किया, क्योंकि काम पूरा नहीं हुआ था और उसने कोरोमंडल एक्सप्रेस के लिए ह्रग्रीन सिग्नल'' प्राप्त करने के वास्ते लोकेशन बॉक्स में हेराफेरी की.

वर्तमान आदेश, इस प्रकार, उचित डिस्कनेक्शन-रीकनेक्शन प्रोटोकॉल निर्धारित करता है, जिसका सिग्नल रखरखाव, मरम्मत, परिवर्तन कार्यों के लिए पालन किया जाता है. दुर्घटना के बाद से रेलवे बोर्ड द्वारा सिग्नलिंग पर जारी किया गया यह तीसरा ऐसा आदेश है।

हिन्दी साप्ताहिक
करण वाणी


# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पीएम प्रचंड के खिलाफ दर्ज हुई रिट याचिका

**सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डॉ. आनंद मोहन भट्टाराई की सिंगल बेंच ने शुक्रवार को रिट दर्ज करने का आदेश जारी किया था, जो अब रविवार को दायर कर लिया गया है। बता दें, बिस्टा की पिटिशन को सुप्रीम कोर्ट ने पहले एक बार रद्द कर दिया था।**

करण वाणी, न्यूज

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की मुश्किले एक बार फिर बढ़ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पीएम प्रचंड के खिलाफ रिट याचिका दायर कर ली है। कम्युनिस्ट पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष और पीएम प्रचंड के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने माओवादी सैनिकों के रूप में बच्चों का उपयोग किया है। एक पूर्व बाल सैनिक लेनिन बिस्टा ने याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने दावा किया था कि राजशाही के खिलाफ माओवादियों के युद्ध में बाल सैनिकों का इस्तेमाल किया गया था। इससे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन होता है। बता दें, दो दिन पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने रिट फाइल करने का आदेश जारी किया था।

**पहले रद्द हुई थी याचिका**

लेनिन ने याचिका में प्रचंड के साथ-साथ पूर्व पीएम डॉ बाबूराम भट्टराई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। प्रचंड तत्कालीन विद्रोही माओवादी पार्टी के प्रमुख थे। भट्टराई दूसरे नंबर के कमांडर थे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डॉ. आनंद मोहन भट्टाराई की सिंगल बेंच ने शुक्रवार को रिट दर्ज करने का आदेश जारी किया था, जो अब रविवार को दायर कर लिया गया है। बता दें, बिस्टा की पिटिशन को सुप्रीम कोर्ट ने पहले एक बार रद्द कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने दोबारा रद्द करने के खिलाफ याचिका लगाई थी।



**4008 सैनिक हुए थे अयोग्य**

नेपाल में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने सीपीएन-एम की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 4008 सैनिकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। तर्क देते हुए संयुक्त राष्ट्र ने बताया था कि वह नाबालिग थे। 2007 में एक सत्यापन खत्म होने के बाद सामने आया कि 2900 से अधिक गुरिल्ला नाबालिग थे। अयोग्य हुए बाल सैनिकों ने तीन साल के लिए कैंट में रुके थे। एक दशक के माओवादी विद्रोह में 16000 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। शांति समझौते के माध्यम से 2006 में राजशाही के खिलाफ विद्रोह समाप्त हुआ था।

**विपक्ष ने साधा निशाना**

नेपाली विपक्ष ने रविवार को नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफ निशाना साधा है। एक दिन पहले पूरी कैबिनेट के साथ पशुपतिनाथ मंदिर गए प्रंचड पर राजनीति से प्रेरित होने का आरोप लगाया है। कैबिनेट मंत्रियों में वित्त मंत्री, विदेश मंत्री सभी मंत्री शामिल थे। बता दें, प्रचंड पहली बार पशुपतिनाथ मंदिर गए थे। विपक्षी नेता का कहना है कि प्रचंड मंदिर जाकर अपनी कट्टरपंथी छवि सुधारने की कोशिश कर रहे हैं।

## सीएम योगी का दावा- हर साल मिलेंगी एक लाख सरकारी और 15 लाख प्राइवेट नौकरियां

करण वाणी, न्यूज



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में यह घोषणा की है। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को मिशन निरामय के तहत संस्थान में आयोजित प्रदेश के विभिन्न संस्थानों में नर्सिंग ऑफिसर पद पर भर्ती पाने वाले अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मौजूद थे।

उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए हर साल एक लाख सरकारी और 12 से 15 लाख प्राइवेट नौकरी के मौके सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में यह घोषणा की है। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को मिशन निरामय के तहत संस्थान में आयोजित प्रदेश के विभिन्न संस्थानों में नर्सिंग ऑफिसर पद पर भर्ती पाने वाले अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मौजूद थे।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए मिशन निरामय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए स्टाफ नर्स के 1,974 पदों की भर्ती का उत्तरदायित्व एसजीपीजीआई को दिया गया था। संस्थान ने पदों की भर्ती परीक्षा के बाद परीक्षा परिणाम 10 अप्रैल को शासन को दे दिया था। अब चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिए उनकी सरकार बराबर प्रयास कर रही है। इसी प्रयास का नतीजा है कि वर्ष 2017 में जो बेरोजगारी दर 19 थी अब वह घटकर तीन से चार तक आ चुकी है।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश के 63 जिलों में मेडिकल कॉलेज खुल चुका है या फिर खुलने जा रहा है। जल्द ही हर जनपद में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। सीएम ने कहा कि आरोग्यता में जितनी भूमिका डॉक्टरों की है उतनी ही पैरामेडिकल स्टाफ और नर्स की भी है।

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र पाने वाली नर्सों से कहा कि उनका पेशा सेवा का है। अस्पताल में आने वाले मरीज और तीमारदार बीमारी के साथ ही आर्थिक बोझ के दबाव में चिड़चिड़े हो जाते हैं। नर्सिंग ऑफिसर को ऐसे में धैर्य दिखाना चाहिए। उनको अपने अच्छे व्यवहार से मरीज और तीमारदारों की मदद करनी चाहिए। ऐसा करके वो मरीज का आधा रोग दूर कर देंगे।

## मुंबई मीरा रोड मर्डर: करोड़ों की प्रॉपर्टी का मालिक है सरस्वती का कातिल मनोज साने

करण वाणी, न्यूज





**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे स्थित मीरा भायंदर इलाके की आकाशदीप सोसाइटी के फ्लैट में लिव इन रिलेशन में रह रही सरस्वती वैद्य की हत्या के मामले में पुलिस की जांच के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आ रही हैं. मनोज साने ने सरस्वती को मारकर इतनी हैवानियत के साथ उसके शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की, उससे उसके पड़ोस में रहने वाले लोग भी सहम गए हैं. लोगों की मानें तो वह किसी से भी बात नहीं करता था और यहां अनजान की तरह रहता था. उसके पास करोड़ों की प्रॉपर्टी भी होने की जानकारी सामने आ रही है।

मनोज साने की प्रॉपर्टी को लेकर जानकारी के लिए एक ट्रस्ट के अधिकारी ने अपने नाम को गुप्त रखते हुए बताया, मनोज अनाथ है, इसके बावजूद वह एक फ्लैट का मालिक है, जिसकी कीमत करोड़ों में है. इसे इस फ्लैट से 40 हजार रुपये महीने के हिसाब से रेंट मिलता था।

इसके साथ ही पता चला है कि मनोज शराब पीने का भी आदी था और पूरे दिन नशे में धुत रहता था. उसकी इन्हीं हरकतों से उसके दुकान की कमाई कम होती जा रही थी. इस कारण से उसने शॉप भी बंद कर दिया था।

**शव की दुर्गंध कम करने छिड़क रहा था परफ्यूम**

मनोज साने के फ्लैट से उठ रही बदबू के बाद लोगों ने उससे इसको लेकर बात की तो उसकी इस पर खामोशी ने उस पर शक को बढ़ा दिया. उसके ठीक बगल में 701 नंबर फ्लैट में रहने वाली रुचिरा ने बताया, ह्य5 जून से ही बदबू आ रही थी. 704 वाले पहले तो दरवाजा नहीं खोल रहे थे. पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने वहां पहुंचते ही भांप लिया कि यह शव के सड़ने की बदबू है. जब गेट खुलवाया गया तो मनोज परफ्यूम स्प्रे कर रहा था।

**किसी से कभी बात नहीं करते थे कपल**

लोगों ने बताया कि सरस्वती हमेशा घर में रहती थी और मनोज बाहर जाता था. दोनों को कभी किसी से बात करते भी नहीं देखा. इनके घर में एसी-कूलर और फ्रिज भी नहीं था. ये दोनों दिवाली, होली जैसे त्योहारों पर भी कभी दरवाजा नहीं खोलते थे. घर के बाहर एक दीपक तक नहीं रखते थे इसलिए हमने कभी कोई सवाल नहीं किया. फिलहाल पुलिस इस मामने की पूरी पड़ताल में जुटी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एंव पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- पंकज सिंह मो- 9415067370 E-mail:-karnvaninews@gmail.com website:- www.karnvaninews.com RNI-UPHIN/2016/74800